चीनी पर सेस लगाने को लेकर GoM की बैठक कल

[विशेष संवाददाता | नई दिल्ली]

चीनी मिलों के दबाव के चलते अब केंद्र सरकार चीनी पर सेस लगाने पर फिर से विचार कर रही है। चीनी पर सेस लगाने के प्रस्ताव पर मंत्रियों का समूह 11 जुलाई को बैठक करेगा। इसमें शुगर सेस पर सहमति बनाने पर विचार होगा। प्रस्ताव पर सहमति बनने पर मंत्रियों का समूह प्रस्ताव को जीएसटी काउंसिल के पास वापस भेज सकता है। कानून मंत्रालय से चीनी पर सेस लगाने को मंजूरी मिल चुकी है। गौरतलब है कि गन्ना किसानों को राहत पहुंचाने के लिए सरकार ने चीनी पर सेस लगाने का जो प्रस्ताव रखा था, उस पर मंत्रियों के समूह की मीटिंग में कोई फैसला नहीं लिया जा सका था। सूत्रों का कहना है कि चीनी पर सेस को लेकर सरकार के भीतर मतभेद है। वित्त मंत्रालय का मानना है कि सेस लगाना जीएसटी की मूल भावना के खिलाफ होगा।

Nav Bharat Times
10/7/2018